417. निम्नांकित रंगमंच/नाट्य व उनके क्षेत्रों को सुमेलित कीजियेः

सूची-I	सूची-II
A. रम्मत	i. मेवाड़
B. तमाश	ii. जयपुर
C. भवई	iii. गुजरात राज्य से सटे क्षेत्र
D. गवरी	iv. बीकानेर व जैसलमेर

कूटः

	a	b	c	d
(1)	i	ii	iii	iv
(2)	iv	ii	iii	i
(3)	i	ii	iv	i
(4)	iv	iii	ii	i

RPSC-2011

Ans. (b) : निम्नांकित रंगमंच/नाट्य व उनके क्षेत्रों का सही सुमेलन इस प्रकार है।

a. रम्मत -	iv	बीकानेर व जैसलमेर
b. तमाश-	ii	जयपुर
c. भवई -	iii	गुजरात राज्य से सटे क्षेत्र
d. गवरी -	i	मेवाड़

a. बीकानेर और जैसलमेर क्षेत्र रम्मत लोकनाटक के लिए प्रसिद्ध है। जिसकी उत्पत्ति 1880 के आस-पास हुई थी। विभिन्न वादययंत्रों के रूप में नागदी और ढोलक के साथ, बरसात के मौसम, लावणी और गणपति बंदना को जोड़ने वाले विभिन्न रूप से प्रदर्शन किया जाता है।

b. राजस्थानी लोक नाटक का नृत्य नाटक रूप तमाशा है विभिन्न विषयों पर गायन और काव्यात्मक मंचन किया जाता है। तमाशा जयपुर क्षेत्र में अत्यधिक लोकप्रिय हुआ था।

c. परंपरागत रूप से गुजरात राज्य से संलग्न क्षेत्र में भवई नृत्य शैली जाठ, भील, रायगर, मीना, कुम्हार और कालबेलिया समुदायों से संबंधित हैं।

d. भारत के राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र में भील जनजाति का आदिवासी नृत्य है यह प्रत्येक वर्ष जुलाई और सितम्बर मेंमनाया जाने वाला 40 दिवसीय लंम्बा त्योहार है।

418. राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं को सुमेलित कीजिएः

(A) विजय सिंह पथिक — i. वीर भारत सभा
(B) चाँद मल सुराणा — ii. गाँधी आश्रम, हटूण्डी
(C) केसरी सिंह बारहठ — iii. सेवा समिति
(D) हरिभाऊ उपाध्याय — iv. मारवाड़ हितकारिणी सभा

सही उत्तर का चयन निम्न कूटों की सहायता से कीजिएः

कूटः

	A	B	C	D
(a)	iii	iv	ii	i
(b)	i	ii	iv	iii
(c)	iii	iv	i	ii
(d)	i	ii	iii	iv

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है।

(A) विजय सिंह पथिक	–	सेवा समिति 1915
(B) चाँद मल सुराणा	–	मारवाड़ हितकारिणी सभा, 1917-18
(C) केसरी सिंह बारहठ	–	वीर भारत सभा, 1910
(D) हरिभाऊ उपाध्याय	–	गाँधी आश्रम, हटूण्डी सस्ता साहित्य मण्डल, 1925 (हूडी, अजमेर)

419. जैन तीर्थ स्थल केसरिया जी राजस्थान के किस जिले में है?

(a) डूंगरपुर (b) बांसवाड़ा
(c) प्रतापगढ़ (d) उदयपुर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : जैन तीर्थ स्थल केसरियाजी या केसरियानाथ राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित है। यह प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव का मंदिर है। यह प्राचीन तीर्थ स्थल अरावली पर्वतमाला की कंदराओं के मध्य कोयल नदी के किनारे स्थित है। मंदिर में खुदे अभिलेख इसे विक्रम संवत् 1676 में बना बताते हैं।

420. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) सांगा – गुहिल
(b) अजयराज – चौहान
(c) रायसिंह – राठौड़
(d) खेतड़ी सिंह – सिसोदिया

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

शासक	**राजवंश**
राणा सांगा	गुहिल
अजयराज	चौहान
रायसिंह	राठौड़
खेतड़ी (अजीत) सिंह	शेखावत

421. समाज सुधार के उद्देश्य से 'देश हितैषिणी सभा' की स्थापना कहाँ की गई थी?

(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) शाहपुर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : समाज सुधार के उद्देश्य से देश द्वितैषिणी सभा की स्थापना उदयपुर में की गई थी। 2 जुलाई 1877 ईस्वीं में महाराणा सज्जनसिंह में इस सभा का गठन किया गया। इसका उद्देश्य रापजूतों की वैवाहिक समस्याओं को सुलझाना था।

422. 1925 में अखिल भारतीय जाट महासभा का अधिवेशन कहाँ आयोजित हुआ?

(a) सीकर (b) नागौर
(c) भरतपुर (d) पुष्कर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : 1925 में अखिल भारतीय जाट महासभा का अधिवेशन 'पुष्कर में आयोजित हुआ था। इसकी अध्यक्षता भरतपुर महाराजा कृष्णसिंह ने की थी माना जाता है कि इसको स्थापना 1905 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुई थी।